प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 21.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



- **मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं...बालिकाओं को महोबा पुलिस द्वारा किया जागरुक/**
- **समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया गया निस्तारण...**
- **महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा है महिलाओं का सशक्तिकरण...**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 21.11.2024 को जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर - वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।





## पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद महोबा में तैनात आरक्षी आरमोरर के मुख्य आरक्षी आरमोरर के पद पर पदोन्नत होने पर प्रतीक चिन्ह लगाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।

श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में तैनात आरक्षी आरमोरर से मुख्य आरक्षी/हेड आरमोर्रर के पद पदोन्नत होने पर आज दिनांक- 21.11.2024 को पुलिस कार्यालय महोबा में बधाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आरक्षी आरमोर्रर से मुख्य आरक्षी/हेड आरमोर्रर के पद पर पदोन्नति प्रदान कर उनके कंधे पर प्रतीक चिन्ह लगाकर पदोन्नति प्रदान की गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी साथ ही नयी जिम्मेदारियों के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावन रहने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर मौजूद रहे।

**पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों का विवरणः-**

1. मुख्य आरक्षी आरमोर्रर जयप्रकाश तिवारी
2. मुख्य आरक्षी आरमोर्रर अवनेश कुमार प्रताप सिंह



**→ ज्ञान स्थली इण्टर कालेज स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक/गीतों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक ।**

**→ छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात के सम्बन्ध में शानदार जागरुकता गीत गाकर यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचने का दिया गया संदेश । साथ ही बैनर/पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातों का किया गया प्रचार-प्रसार ।**

**→ अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से कराया गया अवगत तथा नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये किया गया प्रेरित ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात माह नवंबर-2024 के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 21.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह की उपस्थिति में ज्ञान स्थली इण्टर कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत कराया गया । सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातें बताते हुये उनका पालन करने की सलाह दी गयी साथ ही साथ अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है । हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए । नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये तथा मोटरसाईकिल पर एक वक्त में दो लोगों को ही सवार होना चाहिये ।

इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक/जागरुकता गीतों के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात के सम्बन्ध में शानदार जागरुकता गीत गाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचने का संदेश दिया गया तथा यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातों का बैनर/पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात सुनील कुमार सहित स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकागण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों/शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूली वाहनों में जागरूकता स्टिकर्स लगाए गए ।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

आज दिनांक- 21.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के 07 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0का0 रेखा देवी व काउंसलर क्रमशः श्रीमती अंशु शिवहरे, श्रीमती विभा पुरवार, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही ।

